# मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक और संगठन कार्य को लेकर हुई बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल रविवार 8 जून को भाजपा नगर मंडल तीन की बैठक संतोष साहू एकेडमी में आयोजित की गई जिसमें मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर और भाजपा नेता पंकज पाटनी ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन करते हुए आवाहन किया कि जून माह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के ग्यारह वर्ष पूर्ण हो रहे है।

विकसित भारत का सपना देखने वाली और कार्यरूप में परिणित करने वाली सरकार के कामों को और आपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश का मस्तक गर्व से ऊंचा करने वाली हमारी सेना के पराक्रम को जन जन तक पहुंचने के लिए विभिन्न कायक्रमों का आयोजन भाजपा सभी स्तर पर करने जा रही है, 9 जून प्रात: 9:30 बजे सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा जिला चिकित्सालय में जन औषधि केन्द्र से दवाई लेने वाले मरीजों का सम्मान किया जाएगा।

मंडल स्तर पर 13 जून को विकसित भारत संकल्प सभा और शपथ तथा 70 वर्ष से अधिक उम्र वालों का आयुष्मान कार्ड बनवाना, शक्ति केंद्रों पर चौपाल लगाकर विकसित भारत संकल्प शपथ, 5 जून से 15 अगस्त तक पर्यावरण वृक्षारोपण अभियान, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी 23 जून बलिदान दिवस, एवं 6 जुलाई को जन्म जयंती, 25 जून को आपातकाल लोकतंत्र हत्या दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी को इन कार्यक्रमों सफल बनाने के लिए कार्य करना है। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में आयोजन हेतु समितियों का गठन किया गया। बैठक को रत्नाकर आवारे, पंकज शुक्ला, मोरेश्वर हिवसे, गजेन्द्र बारस्कर, संतोष साहू, शरद बैंडे ने भी संबोधित किया। बैठक में श्रीमती वंदना विश्वकर्मा, सुनील परतेती, त्रिलोक राउत, बबलू पराते, मयूर पटेल, मनीष गुप्ता, मोहित बुनकर, ऋषभ ताम्रकार, रवि मालवी, शरद टोपीवाला, आलोक साहू, निकुंज साहू, आशीष गुप्ता, मनमोहन चांडक, संदीप माहौरे, यश गुप्ता, राजू चौकसे, राजा गढ़ेवाल, विशाल गढ़ेवाल, आशुतोष गुप्ता, राजू पावर, अशोक साहू, मंगेश कपाले, राजेश चौरे, योगेश दास, अमन मापवी, शुभम राय,मनीष बनाईट, चंद्रप्रकाश ठाकुर, पवन हेड़ाऊ, प्रवीण साहू, यशवंत पटेल, आशीष साहू, चेतन सोनी, अनिल सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# आदर्श ग्राम थावरीकला में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने की नर्सरी की स्थापना

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य कार्यालय म.प्र. जन अभियान परिषद भोपाल समृद्धि योजनांतर्गत वृहद पौधारोपण को ध्यान में रखते हुए विकास खंड अमरवाड़ा की नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर- 05 द्वारा आदर्श ग्राम थावरी कला में परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में एवं ब्लाक समन्वयक सुश्री वंदना राकेशिया के मार्गदर्शन में श्री शारदा गौशाला परिसर के बाहर थाबड़ी में सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति थावरी द्वारा ग्राम में आदर्श नर्सरी कि स्थापना की गई जिसमें करीबन दो हजार पौधे तैयार करने की योजना है नर्सरी में वन औषधि, फलदार, और छायादार बीजों का बीजारोपण किया गया। वृंदावन गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष वृंदावन वर्मा ने बताया कि म.प्र. जन अभियान परिषद के माध्यम से संकल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पर्यावरण एवं जनमानस की सेवा के लिए यह अभिनव पहल है ऐसे कार्य हम निरंतर करते रहे आज आप सभी गौशाला आए और गौमाता की सेवा की है यह बहुत ही सराहनीय एवं नेक कार्य है आपकी संस्था निरंतर अच्छे काम कर रही है। संस्था अध्यक्ष समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा द्वारा बताया गया है कि नर्सरी में तैयार कई तरह के पौधे इस वर्ष वितरण किया जाएगा।

## सार-समाचार

### खेड़ापति मंदिर में हुई माता रानी की प्राण प्रतिष्ठा



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा के समीपस्थ ग्राम झगडावोह मे माँ खेरापति मंदिर मे माताजी की प्राण प्रतिष्ठा शनिवार को पूरे विधि विधान से संपन्न हुई।

प्राण प्रतिष्ठा के यजमान आशुतोष सोनी ने बताया की ग्राम के इस मंदिर परिसर मे माता खेड़ापति की प्रतिमा के साथ-साथ गणेश जी, शिवलिंग, हनुमान जी एवं भैरव बाबा जी की प्रतिमा की भी स्थापना हुई। इस तीन दिवसीय स्थापना समारोह की शुरुवात 5 जून से की गई।

स्थापना के आचार्य भूपेंद्र मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्रा, लच्छू महाराज ने बताया की पहले व दूसरे दिन कलश यात्रा नगर भ्रमण, जलाधीवास, अन्नाधीवास, पुष्प, फल, शयनाधीवास आदि हुए वही तीसरे दिन कलश स्नान, प्रतिमा अभिशेख, कलशारोहन, यज्ञ, हवन पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर आंचल कुंड वाले दादाजी मनेश शाह इनवाती, ब्राम्हचारी सुरेंद्र देव सांख सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी व भक्तजन उपस्थित रहे।

### दुर्घटना में घायल पप्पू पिता गोरेलाल सिरसाम की मौत

**मोहखेड़, देशबन्धु।** पुलिस कंट्रोल रूम से मिली जानकारी में बताया गया है कि कल 8 जून को दुर्घटना में घायल पप्पू पिता गोरेलाल उम्र 29 वर्ष की मौत हो गई है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मातृछाया की बस क्रमांक एम.पी. 28 पी. 0131 का चालक तेज गति से लापरवाही पूर्वक बस छिन्दवाड़ा नागपुर हाईवे रोड पर चला रहा था कि ग्राम उमरानाला के समीप सिमरिया के हनुमान मंदिर के सामने पप्पू को ठोस मार दिया था जहां पप्पू को गंभीर चोटे आई थी जिसका की उपचार के दौरान मौत हो गई है। मोहखेड़ पुलिस ने मर्ग क्रमांक 266/25 धारा 281, 161 (ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है।

### घर के पीछे से 10 लीटर अवैध शराब जप्त कर आबकारी का मामला दर्ज

**मोहखेड़, देशबन्धु।** पुलिस कंट्रोल रूम से मिली जानकारी में बताया गया है कि कल 8 जून को पुलिस चौकी उमरानाला में मुखबिर द्वारा सूचना दी गई थी कि आरोपी के घर के पीछे अवैध हाथ भट्टी की महुआ लाहन की शराब रखी है। फलस्वरूप चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अपने दल बल के साथ मुखबिर की सूचना के अनुसार ग्राम तुर्कीखापा में पहुचे थे और आरोपी के घर के पीछे छानबीन शुरू की जिसके फलस्वरूप उन्हें एक प्लास्टिक की कुप्पी के अंदर 10 लीटर अवैध शराब कीमत लगभग एक हजार रूपये मिली। जहां पुलिस ने अपराध क्रमांक 267/25 धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट का प्रकरण कायम कर लिया है।

### मोक्षधाम में शवदाह गृह का भूमिपूजन सांसद साहू ने किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा नगर निगम के अंतर्गत पातालेश्वर मोक्षधाम में शव दाह गृह के पुन: निर्माण कार्य प्रारंभ करने के पूर्व रविवार को भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह भूमिपूजन छिंदवाड़ा पांढुर्णा सांसद बंटी विवेक साहू के हस्ते पूर्ण हुआ जबकि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके शामिल हुए। इसके साथ ही वरिष्ठ नेता अंकुर शुक्ला, रोहित पोफली, पार्षद अरुणा मनोज कुशवाह, नमिता मनोज सक्सेना, जगदीश गोदरे, अमित माहोरे, राजू नरोटे, गोविंद मालवी, जगेंद्र अल्डक, अभिजीत मोखलगाय, आशीष चौधरी, बबलू पांडे, सहायक यंत्री विवेक चौहान, बृजेश पांडे, उपयंत्री स्मिता इंदौरकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 का शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा के संरक्षण में व इको क्लब प्रभारी डॉ. रितु शर्मा के मार्ग दर्शन में महाविद्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ष्एक पेड मां के नाम 2.0 के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों द्वारा गुलमोहर, अमलतास, सप्त ऋषि, जाम, गुलहड़ आदि के पेड़ लगाए गए।

इस अवसर पर ईको क्लब के सक्रिय सदस्य विशाल सलामे ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 5 जून से पुन: एक पेड़ माँ के नाम 2.0 योजना का शुभारंभ किया गया है जिसमें इस सत्र भर पृथ्वी को सुन्दर व हरा भरा युक्त बनाने के लिए पौधारोपण किया जाएगा। महाविद्यालय ईको क्लब इकाई द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत छात्रों द्वारा बढ़चढ़ कर पौधारोपण कर इसके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर इको क्लब के सक्रिय सदस्य विशाल सलामे, संकल्प विश्वकर्मा, भूमिका धुर्वे, अमित कुमार, विशाल वाडीवा, दिव्यांशु मालवीया, राजनंदनी उइके, वृंदा डेहरिया, हिना खान आदि मौजूद रहे।



# दिलीप ने तय किया पशु चारण से अंग्रेजी के प्राध्यापक तक का सफर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शिखर बने ही होते हैं निडर के लिए न कि कायरों के लिए। विलासी सुविधाएं दुविधाएं पैदा करती हैं, सही योद्धा तो संघर्षों में तपकर निकलते हैं। कमल कीचड़ में खिलते हैं, महलों में नहीं। जो अभावों की कोख में पले, वो ही इतिहास रचे। स्वाध्याय इतना उत्कृष्ट हो कि कोचिंग को मात दे दे। छात्र वही जो कोचिंग को निर्बल छात्र की शरणस्थली साबित कर दे। कीचड़ भरी पगडंडियों ने नापा राजपत्रित प्राध्यापक बनने का हौदा। जीते वही जो पूर्व के मिथक तोड़ दे। जो मां बाप गुरू के आशीर्वाद पर पले, वो ही तपस्वी, तेजस्वी और ओजस्वी बने।



ऐसा ही कुछ कर दिखाया है अमरवाड़ा तहसील के ग्राम सारसडोल निवासी पिता के.एल. डहेरिया एवं माता श्रीमती रुखमिनी डहेरिया के होनहार बेटे दिलीप डहेरिया ने, हिन्दी मीडियम से पढ़ाई करके अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक बनकर। दिलीप ने प्रथम कक्षा से लेकर एम.ए. अंग्रेजी तक टॉप करते हुए बिना किसी कोचिंग के अंग्रेजी में नेट, एम.पी. सेट, एम.पी. टेट व केंद्र सरकार की सी.टी.ई.टी. जैसी शिक्षक बनने वाली परीक्षाओं को अनेक बार पास ही नहीं किया है, अपितु प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग में मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अभावों की भट्टी में पककर फौलाद बने पशु चारण करते हुए दिलीप ने आज जो मुकाम हासिल किया है, वह किसी भी गरीबी में पले छात्र के लिए अपने कैरियर निर्माण के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है।

दिलीप ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर उड़ान में हौसला है तो आसमां पर कब्जा किया जा सकता है। अगर जिद में संकल्प है तो चट्टानों की छाती से दूध निकाला जा सकता है। स्थिरप्रज्ञ को कुछ भी मुश्किल नहीं है। आसमां में उड़ने वाले आसमां का कद नहीं नापते हैं। मंजिल सुविधा नहीं, समर्पण मांगती है। जिन्हें ठोकरें चलना सिखाती हैं, वे ही वक्त के बादशाह बनते हैं।

पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के अंग्रेजी विभाग के पूर्व छात्र रहे दिलीप कुमार डहेरिया ने अंग्रेजी विषय से स्नातक एवं परास्ना तक परीक्षा में टॉप करते हुए अपनी सफलताओं की श्रृंखला का श्रेय प्रो. अमर सिंह, प्रो. तृप्ति मिश्रा, प्रो. दीप्ति जैन, प्रो. जी.बी. डहेरिया और प्रो. सुरेन्द्र कुमार झारिया के साथ प्राथमिक शाला सारसडोल के शिक्षक सुदामा प्रसाद सिंगारे, माध्यमिक शाला घोघरी के राम कुमार डहेरिया, उच्चतर माध्यमिक शाला घोघरी के विनोद आनंद तिवारी के साथ भारत के शिक्षक से बने प्रथम राष्ट्रपति राधाकृष्णन को दिया है। दिलीप का जीवन दर्शन है कि खुद को इतना बुलंद बना लिया जाए कि खुदा खुद बंदे से आकर उसकी चाहत पूछने लगे। दिलीप कुमार डहेरिया ने असुविधाओं को धता बताकर कैरियर निर्माण की जो शानदार पारी खेली है, वह किसी भी साधारण परिस्थिति में पलने वाले छात्र के लिए एक असाधारण हैसियत का छात्र बनने के लिए मार्गदर्शी साबित हो सकती है।

# एक दिवसीय 'संडे सन हिल्स प्वाइंट' की साहसिक ट्रेकिंग का किया आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया प्रकृति प्रेमी युवाओं की एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है इस संस्था के माध्यम से देश भर में युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए साहसिक गतिविधियों जैसे जंगल ट्रैकिंग साइकिल, मोटर साइकिल अभियान, पर्वता रोहण, जंगल कैंपिंग, प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम देश के विभिन्न प्रमुख मनोरम पर्यटन स्थलों पर वर्षभर नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं

यह संस्था इंटरनेशनल यूथ हॉस्टल फेडरेशन से संबंध है

मध्य प्रदेश में अनेक जिलों में यह संस्था कार्य कर रही छिंदवाड़ा जिले में वर्ष 1994 से इस संस्था के द्वारा वर्तमान वर्ष 2025 तक लगातार युवा साहसिक गतिविधियों एवं प्रकृति भ्रमण कार्यक्रम कराई जा रहे हैं

सतपुड़ा की वादियां देश-विदेश से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है यह सुंदर वादियां यहां का हरा-भरा पर्यावरण यूं ही संतुलित रहे इसी उद्देश्य को लेकर यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया सतपुरा इकाई छिंदवाड़ा के वरिष्ठ ट्रेक डायरेक्टर इंजीनियर पी.जी. दंडवते के नेतृत्व मे आज रविवार 8 जून 2025 को इकाई के स्थानीय कार्यालय ई.एल.सी. कंपाउंड नागपुर रोड छिंदवाड़ा से प्रात:काल 6 बजे से छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय से उत्तर पश्चिम दिशा मे 9 किलोमीटर लगभग ग्राम पंचायत सोमाढाना स्तिथ खूबसूरत पर्यटन स्थल सन हिल्स पॉइंट श् की ट्रेकिंग हेतु संस्था से जुड़े प्रकृति प्रेमियों का 15 सदस्यीय दल रवाना हुआ, इस एक दिवसीय ट्रेकिंग अभियान दल के सदस्यों नें ट्रेकिंग के दौरान प्रकृति के शांत वातावरण में सन हिल्स पॉइंट के मनोरम प्राकृतिक नजारों का न केवल आनंद लिया, प्रकृति से जुड़े रहस्यों को जाना बल्कि ट्रेकिंग स्थल पर ही ट्रेकिंग सहभागी साथी नाटककार डॉ. पवन नेमा के नेतृत्व मे सतपुड़ा अंचल के प्राकृतिक स्थलों के आसपास हो रही शराबखोरी अन्य अनैतिक गतिविधियों के प्रति जागरूकता मुलक नुक्कड़ नाटक की हुई अनूठी प्रस्तुति भी दीं।

साथ ही पर्यटन स्थलों के आसपास शराबखोरीए अनैतिक गतिविधियों के विरुद्ध रोकथाम हेतु ग्राम पंचायत सोमाढाना एवं मोठार के सरपंच को लेंप संस्था के समुचित निर्देश दिए गएए ट्रेकिंग दल नें किया ग्राम मोठार मे दादा धूनी वाले दरबार एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन लाभ भी लिया।

इस ट्रेकिंग आयोजन को सफल बनाने मे सहभागी 15 सदस्य दल मे वरिष्ठ ट्रेक डायरेक्टर पी.जी. दंडवते, कविता दंडवते, सभापति प्रदीप वाल्मीकि, सह सचिव अनिल मेहरोलिया, डॉ. सर्वोत्तम ठाकुर, डॉ. पवन नेमा, प्रवीण वांधे, आयुष सिंह परमार, शिवांग भारद्वाज, राजू माहौरे, गिरिशमा सिंगारे, विशाल सूर्यवंशी, यू-ट्यूबर मोहित सूर्यवंशी, कार्तिक कराडे, अभिषेक सिंह आदि सर्व प्रमुख का प्रबल रहे।

# गुरैया में लगा बाल संस्कार शिविर, सर्वोदय अहिंसा के नारों से गूठी नगरी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अध्यात्म धर्म नगरी गुरैया में अखिल भारतीय तारण तरण दिगंबर जैन युवा परिषद चैत्यालय इकाई गुरैया में ब्रह्मचारी सुनील जैन भिलाई के सानिध्य में चल रहे 6 दिवसीय संस्कार शिविर का भव्य समापन रविवार को सर्वोदय अहिंसा के पावन संदेश के साथ पुरस्कार वितरण कर हुआ।

प्रात:काल की मंगल बेला पर बच्चों की कक्षा के बाद संगीतमय मंदिर विधि का आयोजन कर देव-शास्त्र- गुरु-भगवन्तों की आराधना की, जिसमे ब्रह्मचारी सुनील जैन ने माँ जिनवाणी के सत्य स्वरुप, मंदिर विधि का अर्थ, योग ओर ध्यान के साथ अन्य विषयों को गहराई से समझाने का प्रयास किया। वहीं समाज सेवी दीपक राज जैन ने कहा कि संस्कार शिविर से बच्चों में नैतिक शिक्षा का बीजारोपण के साथ जैनदर्शन के मुख्य सिद्धांतों का क्रमिक अध्ययन करने का अवसर मिलता हैए इस पवित्र कार्य के लिए उन्होंने आयोजकों का आभार माना।

शिविर समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन सम्मिलित हुए एवं अध्यक्षता पंडित धन्यकुमार जैन ने की, सभा का सफल संचालन सवाई सेठ डॉ. सौभाग्य जैन ने किया, जिनके साथ संकेत जैन, हिमांशु जैन, चिराग जैन, नमन जैन, विनोद जैन, विभाष जैन, रुपेश जैन, सचिन सुरेश जैन सहित बड़ी संख्या में साधर्मी उपस्थित रहे। सभी ने शिविरार्थियों को सम्मानित किया।

संस्कार शिविर में सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थियों में विशाल जैन, वैभव जैन, आरव जैन, कु. हर्षिता जैन, कु. पर्णश्री, शुभांश जैन, दक्ष जैन, कु. लवली जैन, कु. महक जैन, ऋषि जैन, कु. मौलश्री जैन, कु. अनिका जैन, तनिष जैन, ममल जैन, कु. नियति जैन, कु. कोयल जैन, नमन जैन, नयन जैन, संस्कार जैन, वेदांत जैन, कु. सोनम जैन, सुव्रत जैन, कु. जिनेंली, यश जैन, ग्रन्थ जैन, दिव्यांश जैन, भव्य जैन, दिव्यांश जैन, पर्व जैन, आर्जव जैन, कु. मानवी जैन, अंश जैन को पुरस्कृत किया।



# कांग्रेस कमेटी में हुई नियुक्तियां

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कमलनाथ सद्भावना मंच और आदर्श पैनल के सदस्यों को कांग्रेस में स्थान दिया गया है। महामंत्री में सर्वश्री प्रबल सक्सेना, राजेन्द्र सिंह बैस, नसीमुद्दीन खान, प्रवीण श्रीवास्तव, सुधीर पाटनी, सचिव में अनिल मिश्रा, गजानंद खिरेकर, राहुल मालवीय, विशेष आमंत्रित सदस्यों में भीकम साहू, मनोहर नायडू और प्रवीण भारद्वाज शामिल है।